Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 273 रायपुर, शनिवार 26 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

आदिवासी लोकनृत्य देख मंत्रमुग्ध हुई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

रायपुर, 26 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। भारत के राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को अपने बीच पाकर छत्तीसगढ़ के लोग हमेशा गौरवान्वित होते हैं, विशेष रूप से यहां के जनजातीय समाज स्वयं को बहुत प्रतिष्ठित महसूस कर रहा है। छत्तीसगढ़ के गौरवशाली 'पुरखौती मुक्तांगन' में आयोजित सरगुजा प्रखण्ड के लोकार्पण और महतारी वंदन की 9 वीं किस्त की राशि के अंतरण के अवसर पर छत्तीसगढ़ के आदिवासी समुदाय के लोगों ने बताया कि छत्तीसगढ़ के जनजातीय समुदायों के लोग अपनी जीवन-पद्धति, खान-पान, लोक-नृत्य, लोक-संगीत, लोकवाद्यों, कलाओं रीति-रिवाजों, तीज-त्यौहारों, अस्थाओं और अन्य आदिम परंपराओं को सहेज कर रखा है। नर्तक दलों ने अपने नृत्य के माध्यम से बताया कि जनजातीय समाज के गौरव और आत्मसम्मान को बढ़ाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। जनजातीय समाज का कल्याण करने सरकार प्रतिबद्ध है।

छत्तीसगढ़ के गौरवशाली 'पुरखौती मुक्तांगन' में भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को अपने बीच पाकर हमारे छत्तीसगढ के आदिवासी समुदाय के लोगों ने अपनी पहचान नृत्य के माध्यम में प्रस्तुत की। जिसे देखकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंत्रमुग्ध हो गई। जिला सरगुजा, विकासखण्ड मैनपाट के ग्रमा डांगबुड़ा के नर्तक दल ने सरगुजा संभाग के आदिवासियों के प्रसिद्ध लोकनृत्य करमा का पुरूष पारंपरिक वेशभूषा में धोती, कुर्ता, पगड़ी, मयूरपंख सहित और महिलाएं साड़ी-ब्लाउज के साथ पैर में घुंघरू पहनकर मांदर और झांझ बजाते हुए नृत्य का प्रदर्शन किए। करमा नृत्य लगभग हर खुशी के अवसर पर किया जाता है। इसी प्रकार दंतेवाड्या जिला के विपकासखण्ड गीदम के ग्राम जोड़राई के नर्तकदल ने गौर नृत्य कर पारंपरिक बस्तर के विभिन्न त्यौहारों के जैसे- अमुस तिहार, नवाखाई आमा पण्डुम, शादी-विवाह आदि में महिलाओं और पुरूषों के द्वारा मिलकर सामुहिक रूप से पांरपरिक तरीके से नृत्य का प्रदर्शन किए। जिला जशपुर के विकासखण्ड कांसाबेल के ग्राम टाटीडांड के नर्तकों ने करमा अपने नृत्य के माध्यम से बताया कि करमा दशहरा के चार दिन बाद गाड़ते हैं, शाम को करम डगाल काटकर गाड़तें हैं और रातभर करमा नृत्य करते हैं । यही राजी करमा के नाम से भी जाना जाता है। इस करमा को बड़े धुमधाम से मनाया जाता है। इसी प्राकर दीपावली करमा दीपावली के दिन शाम को करम पेड से डगाल काटकर गाडते हैं और और रातभर करमा नृत्य करते हुए सुबह विसर्जन करते हैं। इस करमा में गोवर्धन पूजा, लक्ष्मी पूजा भी करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, प्रमुख सचिव आदिम जाति एवं कल्याण विभाग सोनमणि बोरा एवं प्रमुख सचिव संस्कृति अन्बलगन पी., मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानन्द, आयुक्त आदिवासी विकास नरेंद्र दुग्गा, संचालक पुरातत्व एवं संस्कृति विवेक आचार्य भी उपस्थित थे।

जनजातीय समाज के गौरव और आत्मसम्मान को बढ़ाने के लिए लगातार काम किया जा रहा

तीन हाथियों की मौत से वन विभाग में मचा हड़कंप

रायगढ़, 26 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में एक दुखद घटना में तीन हाथियों की मौत हो गई है, जिससे वन विभाग में हड़कंप मच गया है. यह घटना घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के चुहकीमार जंगल में हुई है. जहां 11 केवी लाइन के तार टूट जाने के कारण करंट लगने से एक बड़ा हाथी, एक युवा हाथी और एक छोटे हाथी की जान चली गई है.

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. जिला के डीएफओ घटना स्थल के लिए रवाना हो चुके हैं. बताया कि यह घटना जंगल के बीच में बिछे बिजली के तारों के टूटने के कारण हुई, जिससे 3 हाथी करंट के चपेट में आ गए. वन अमला मौके पर मौजूद है और घटना की विस्तृत जांच की जा रही है.

अब आधार कार्ड को नहीं माना जाएगा जन्मदिन का प्रुफ

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। भारत में नागरिकों को कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों की आवश्यकता होती है, जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, वोटर आईडी कार्ड, पैन कार्ड और आधार कार्ड। इनमें से आधार कार्ड सबसे ज्यादा उपयोग किया जाने वाला दस्तावेज है, और लगभग 90ब भारतीय नागरिकों के पास यह मौजूद है। कई लोग इसे विभिन्न सरकारी कामों में सहायक दस्तावेज के रूप में उपयोग करते हैं, जबकि कुछ इसे जन्म तिथि का प्रमाण भी मानते हैं। हालाँकि, इस पर सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है।

सुप्रीम कोर्ट ने एक मृत व्यक्ति के परिवार को मुआवजा देने के मामले में आधार कार्ड को जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में मान्यता देने से इनकार कर दिया। पहले पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने आधार कार्ड को जन्म तिथि का प्रमाण माना था, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया है। इस मामले की सुनवाई जस्टिस संजय करोल और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने की। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने पिछले साल अक्टूबर में एक अधिसूचना जारी की थी, जिसमें स्पष्ट किया गया था कि आधार कार्ड का उपयोग केवल पहचान पत्र के रूप में किया जा सकता है, न कि जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में। इस फैसले से स्पष्ट होता है कि आधार कार्ड को जन्म तिथि का प्रमाण मानना गलत है, और इसे केवल पहचान के लिए इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

ब्रेकिंग न्यूज

नहीं रहे पद्मश्री अवॉर्डी डांसर कनक राजू, पीएम मोदी ने जाहिर किया दुख

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। आदिवासी लोक नृत्य के मशहूर कलाकार कनक राजू का निधन हो गया है। इन्हें जातीय नृत्य गुसाड़ी को लोकप्रिय बनाने के लिए पद्मश्री अवॉर्ड मिला था। कनक राजू ने 80 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। जानकारी के अनुसार, कनक राजू लंबे समय से बीमारी से ग्रसित थे और उनका निधन शुक्रवार की शाम को हुआ। कनक राजू का अंतिम संस्कार शनिवार को दोपहर में कोमाराम भीम आसिफाबाद जिले के जैनूर मंडल स्थित उनके पैतृक गांव मरलावई में किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- %गुसाडी नृत्य को संरक्षित करने में उनका समृद्ध योगदान आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करेगा। उनके समर्पण और जुनून ने सुनिश्चित किया कि सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण पहलू अपने प्रामाणिक रूप में पनप सकें।

महाराष्ट्र में कांग्रेस ने 23 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। कांग्रेस पार्टी ने शनिवार को आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 23 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। सूची के अनुसार, पार्टी ने भुसावल-एससी से राजेश तुकाराम मानवटकर, जलगांव (जामोद) से स्वाति संदीप वाकेकर, अकोट से महेश गंगाने, वर्धा से शेखर प्रमोदबाबू शेंडे, सावनेर से अनुजा सुनील केदार, नागपुर दक्षिण से गिरीश कृष्णराव पांडव को मैदान में उतारा है। कामठी से सुरेश यादवराव भोयर, भंडारा एससी से पूजा गणेश थावकर, अर्जुनी-मोरगांव-एससी निर्वाचन क्षेत्र से दलीप वामन बंसोड़। पार्टी ने आमगांव-एसटी से राजकुमार लोटूजी पुरम, रालेगांव से वर्सत चिंदुजी पुरके, यवतमाल से बालासाहेब शंकरराव मंगुलकर, अमी-एसटी से जितेंद्र शिवाजीराव मोघे, उमरखेड-एससी से साहेबराव दत्तराव कांबले, जालना से कालियास किसनराव गोर्तन्याल, मधुकर कृष्णराव देशमुख को औरंगाबाद पूर्व निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा है।

31 लाख की नशीली दवाइयां जब्त

कार के साथ सप्लायर गिरफ्तार

बिलासपुर, 26 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। नशीली दवाओं के कारोबार से जुड़ी महिलाओं को पकड़ने पर पुलिस को जानकारी मिली कि रायपुर से नशीली दवाओं की खेप बिलासपुर पहुंचाई जा रही है। इस पर पुलिस की टीम ने रायपुर के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे में 31 लाख की नशीली दवाइयां और परिवहन में प्रयुक्त कार जब्त की गई है। एसपी रजनेश सिंह ने बताया कि एसीसीयू और सिविल लाइन की टीम ने मिनी बस्ती में रहने वाली कल्पना कुर्रे, सृष्टि कुर्रे और गोदावरी कुर्रे के साथ ही एक नाबालिग को नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया था। टीम ने चारों को न्यायालय में पेश किया। इधर पुलिस की पूछताछ में पता चला कि आरोपित महिलाएं रायपुर के कारोबारी से नशीली दवाएं मंगाती थीं। इसके बाद एसीसीयू और सिविल लाइन की टीम नशीली दवाओं के सप्लायर की तलाश में जुट गई। जांच के दौरान पता चला कि रायपुर के माना कैंप में रहने वाला विक्रांत सरकार(30) और रविशंकर मरकाम(30) नशीली दवाओं की सप्लाई करने बिलासपुर आने वाले हैं। इस पर पुलिस की टीम सक्रिय हो गई। एसीसीयू और सिविल लाइन की टीम ने घेराबंदी कर कार सवार विक्रांत और रविशंकर को पकड़ लिया। आरोपित के कब्जे से 31 लाख की नशीली दवाएं और एक इलेक्ट्रानिक कार जब्त की गई है।

रेलवे लाइन निर्माण में काम कर रहे मजदूर की मौत

कोरबा, 26 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। जिले के गेवरा में रेलवे लाइन निर्माण के दौरान एक और दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें मिट्टी धसकने से एक मजदूर की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया. इस हादसे ने कार्य के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. फिलहाल सूचना पर पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. जानकारी के मुताबिक, त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन कंपनी के दो ठेका मजदूर, विशाल नायक (26 वर्ष) निवासी-झारखंड, और दशरथ नायक (30 वर्ष), निवासी-झारखंड, गेवरा में एबी कोल स्टॉक के पास रेलवे साइडिंग गेवरा में ड्रेनेज का काम कर रहे थे. इसी दौरान अचानक मिट्टी धसकने से दोनों मलबे में दब गए. घटना के बाद दोनों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया और तुरंत गेवरा के विभागीय हॉस्पिटल (ह्ष्ट॥) ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने विशाल नायक को मृत घोषित कर दिया. वहीं दूसरे घायल मजदूर का उपचार किया गया. फिलहाल घायल मजदूर की हालत स्थिर है।

डेयरी में रेड, पनीर-पेड़ा मिठाई के सैंपल लिए गए

महासमुंद, 26 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। दीपावली के अवसर पर दूध और दूध उत्पादों में मिलावट की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सख्त कार्रवाई की है. गाया ब्रांड नाम से दूध और उसके उत्पाद बेचने वाली वामा डेयरी की तुमगांव स्थित फैक्ट्री में राज्य स्तरीय उड़नदस्ता टीम ने छापा मारा और जांच की. छापेमारी के दौरान खाद्य एवं औषधि प्रशासन की राज्य स्तरीय टीम और महासमुंद जिला अधिकारियों की कुल 6 सदस्यीय टीम ने फैक्ट्री में पनीर और पेड़ा मिठाई के सैंपल लिए, जांच के लिए ये सैंपल अब प्रयोगशाला भेजे गए हैं. खाद्य विभाग का यह कदम त्योहारी सीजन में मिलावट की रोकथाम के लिए उठाया गया है, क्योंकि दीपावली पर मिठाई और दूध उत्पादों की खपत में तेजी से वृद्धि होती है और मिलावट की शिकायतें सामने आ रही हैं.

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त नीतेश मिश्रा ने कहा कि छोटे विक्रेताओं की मांग थी कि मिलावट के मामलों को रोकने के लिए सीधे फैक्ट्रियों के उत्पादन स्थलों से सैंपल लेकर जांच की जाए. इसी क्रम में वामा डेयरी जैसे बड़े उद्योगों पर छापेमारी की गई. उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय उड़नदस्ता टीम की इस कार्रवाई का उद्देश्य त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना है।

4 लोगों की जिंदा जलकर मौत

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। दिल्ली से सटे गुरुग्राम में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां एक मकान में लगी आग के कारण चार लोग जिंदा जलकर मर गए। सभी मृतक बिहार के निवासी थे और एक गारमेंट कंपनी में टेलर के रूप में काम करते थे। ये चारों किराए पर रह रहे थे, और उनकी जली हुई लाशें घटनास्थल से बरामद की गईं।

यह अग्निकांड बीती रात सरस्वती एनक्लेव के जी ब्लॉक में हुआ। रात करीब 2 बजे स्थानीय निवासियों ने आग की भयंकर लपटें और लोगों की चीखें सुनीं। आग इतनी तेजी से फैली कि कोई भी अंदर नहीं जा सका। लेकिन पड़ोसियों ने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की। फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची और कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। जब फायर कर्मी अंदर पहुंचे, तो उन्होंने चार युवकों की लाशें बरामद कीं। मृतकों की पहचान नूर आलम, मुस्ताक, अमन और साहिल के रूप में हुई है। पुलिस ने उनकी कंपनी से संपर्क करके उनके परिवारों को इस हादसे की सूचना दी। प्रारंभिक जांच के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, लेकिन सही कारणों की पुष्टि के लिए फायर ब्रिगेड की जांच जारी है।

रेचल गुप्ता ने रचा इतिहास, पंजाब की हसीना के सिर सजा मिस ग्रैंड इंटरनेशनल ताज, खिताब जीतने वाली बनीं पहली इंडियन

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। ब्यूटी क्वीन बनने का सपना तो बहुत सी लड़कियां देखती हैं, लेकिन कुछ के सपनों को ही उड़ान मिल पाती है। ऐसे में अब जालंधर की बिटिया और मिस ग्रैंड इंडिया रेचल गुप्ता ने थाईलैंड के बैंकॉक में हो रहे मिस ग्रैंड इंटरनेशनल 2024 ने भारत को रिप्रजेंट किया। रेचल ने ना केवल मिस ग्रैंड इंटरनेशनल 2024 में हिस्सा लिया बल्कि इसे जीता भी है।

जी हां, आपने ठीक सुना। 20 साल की रेचल गुप्ता सिर मिस ग्रैंड इंटरनेशनल 2024 की जीत का ताज सजा। थाईलैंड के बैंकॉक में एमजीआई हॉल में वर्ल्ड फाइनल के दौरान पेरू की लुसियाना फस्टर ने भारतीय महिला राचेल गुप्ता को ताज पहनाया। रेचल मिस ग्रैंड इंटरनेशनल का खिताब हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बनी हैं। ऐसे में उन्होंने इतिहास रच दिया है। इस प्रोगाम में फिलीपींस की क्रिस्टीन जूलियन ओपियाजा भी फर्स्ट रनर-अप रहीं, उसके बाद म्यांमार की थाई सु न्येन, फ्रांस की सफीतो कबेंगेले और ब्राजील की तलिता हार्टमैन रहीं। ऐसे में चलिये जानते हैं कि कौन हैं रेचल गुप्ता, जिनकी इस वक्त जोरों-शोरों से चर्चा है। रेचल न केवल एक मॉडल हैं बल्कि एक एक्ट्रेस और बिजनेसवुमन भी हैं। अंग्रेजी, हिंदी और पंजाबी में पारंगत, वे कंपीटीशन के दौरान भीड़ की फेवरेट थीं। इस अंतरराष्ट्रीय जीत से पहले रेचल ने 11 अगस्त को जयपुर में आयोजित ग्लैमानंद सुपरमॉडल इंडिया 2024 में मिस ग्रैंड इंडिया 2024 का खिताब पहले ही हासिल कर लिया था।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, निगम मंडल और स्वशासी संस्थाओं को मिलने वाली अतिरिक्त सुविधाओं पर रोक लगा दी गई है...।

चुहिया- हां जी, यहां तो सुविधा ही इतनी ज्यादा है कि अतिरिक्त सुविधा की जरूरत ही नहीं है..!